# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से



5 खड़गे और धनखड़ में तीखी नोकझोंक


6 हेमंत सोरेन की जमानत ने झामुमो में जगाई नई आस


7 रतन टाटा ने पशु अस्पताल का किया उद्घाटन


8 सुदर्शन, जितेश और राणा जिम्बाब्वे दौरे पर

# सत्संग में भगदड़ से 60 की मौत

**02** लाख रुपए मृतकों के परिजनों को | **50** हजार रुपए घायलों को सहायता राशि | **17** वर्ष पहले भोले बाबा नाम के व्यक्ति ने छोड़ी थी पुलिस की नौकरी

**हाथरस 02 जुलाई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में मंगलवार को एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से 60 से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गयी। मरने वालों के ज्यादातार महिलायें शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लेते हुये मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत तमाम उच्च अधिकारियों को हाथरस जाने के निर्देश दिये है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये है.**



मुख्यमंत्री खुद राहत एवं बचाव कार्य की पल पल की जानकारी ले रहे हैं. उन्होने हादसे के कारण की जांच के लिये अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है. समिति 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगी. उन्होने हादसे में मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपसे और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि जारी करने के निर्देश दिये हैं. हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार बताया कि सिकंदराराऊ तहसील में मुगलगढ़ी नेशनल हाइवे पर फुलरई गांव में धार्मिक आयोजन के समापन पर उमस के बीच बाहर निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गयी जिससे कई हताहत हुये. उन्होने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 50 से 60 लोगों की इस हादसे में मृत्यु हुयी है हालांकि मृतकों की सही संख्या की जानकारी बाद में मिल सकेगी. उन्होने कहा कि यह एक निजी कार्यक्रम था जिसकी अनुमति एसडीएम से ली गयी थी और कार्यक्रम के मद्देनजर सभी संभव इंतजाम किये गये थे.

**पीएम मोदी और सीएम योगी ने जताया शोक**

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने हाथरस हादसे का जिक्र करते हुए दुख प्रकट किया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भगदड़ में अनेक लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है. वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक प्रकट करते हुए जनहानि अत्यंत दु:खद बताया.

हाथरस में सत्संग करने आए कथावाचक भोले बाबा जिला कासगंज के पटियाली के बहादुर नगर के रहने वाले हैं. इनका मुख्य नाम एसपी सिंह है. भोले बाबा ने 17 वर्ष पहले पुलिस में एसआई के पद से नौकरी छोड़ी थी और इसके बाद से सत्संग शुरू कर दिया था. इसमें 60 लोगों की मौत होना बताया जा रहा है. मृतकों में हाथरस और एटा के रहने वाले हैं. मौके पर डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल रवाना हो गए हैं. आईजी शलभ माथुर सिकंदराराऊ के लिए रवाना हो गए हैं. इस बीच योगी के निर्देश पर लखनऊ से कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और संदीप सिंह घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं.




भारत के स्टार गेंदबाज, विश्व कप प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट !


## हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

### केजरीवाल मामले में अगली सुनवाई 17 जुलाई

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई ( वार्ता )** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले में कथित धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया. न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने सीबीआई द्वारा श्री केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार करने के मामले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी करके केन्द्रीय जांच एजेंसी को अपना पक्ष रखने को कहा. उच्च न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है.



## एक नजर में



### वायु सेना प्रमुख ने स्कूल का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली.** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने मंगलवार को हैदराबाद के वायु सेना स्टेशन बेगमपेट में हथियार प्रणाली स्कूल का उद्घाटन करने के बाद कहा कि इससे भविष्य की जरूरतें पूरी होंगी तथा यह वायु सेना के लिए बड़ी छलांग है. वायु सेना प्रमुख ने कहा कि इस स्कूल के गठन से वायु सेना के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू हुआ है. इस स्कूल का गठन वायुसेना में अधिकारियों की एक नई शाखा, हथियार प्रणाली शाखा की मंजूरी के मद्देनजर किया गया है.

### नीट परीक्षा मामले पर सुप्रीम सुनवाई 8 को

**नई दिल्ली.** विवादों से घिरी मेडिकल में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आठ जुलाई को सुनवाई करेगा. इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शामिल हैं. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.

### नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने अनुरोध

**नयी दिल्ली.** दिल्ली बार काउंसिल ने एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किया. दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि नए कानून लागू होने के समय पूर्ववर्ती सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था. श्री नसियार ने देते हुए कहा, संवैधानिक औचित्य के रूप में इन कानूनों को नई निर्वाचित संस्थाओं की मंजूरी और अनुमोदन के बिना बदली हुई परिस्थितियों में लोगों पर नहीं थोपा जा सकता.

### दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते विमान के पहिये में आग

**नई दिल्ली.** म्यूनिख से रवाना हुए लुफ्थांसा के ए380 विमान के सोमवार रात को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरते समय एक पहिये में आग लग गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या एलएच762 वाला विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया. सूत्रों के मुताबिक, चूंकि विमान की जांच की जानी थी और कलपुर्जे तुरंत उपलब्ध नहीं होने के कारण म्यूनिख की वापसी वाली उड़ान रद्द कर दी गई. सूत्रों ने बताया कि विमान में करीब 490 यात्री सवार थे. विमान हवाई अड्डे पर नियंत्रित तरीके से उतरने में सफल रहा.

### जीवित महिला का कर दिया अंतिम संस्कार

**भिंड.** मध्य प्रदेश के भिंड में अंतिम संस्कार के बाद एक महिला करीब 53 दिन बाद जिंदा मिली। बेहद हैरान कर देने वाले इस मामले कई ऐसे सवाल है जिनके जवाब न पुलिस और न ही महिला के ससुराल और माइके वालों के पास है. दरअसल, इस कहानी की शुरूआत 2 मई को हुई जहां मेहगांव में रहने वाले सुनील शर्मा की पत्नी ज्योति शर्मा अचानक घर से लापता हो गई थी.

## मेरे भाषण के अंश हटाना अलोकतांत्रिक

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई ( वार्ता )** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही से उनके भाषण के अंश हटाने पर हैरानी व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है. श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, मोदी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है। परंतु वास्तव में सत्य को मिटाया नहीं जा सकता। मुझे जो कहना था मैंने कह दिया, वे जितना चाहें मिटा लें। सत्य तो सत्य है।

उन्होंने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी इस बारे में एक पत्र लिखा और कहा, मैं आपको एक जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मेरे भाषण से निकाली गई टिप्पणियों और अंशों के संदर्भ में यह पत्र लिख रहा हूं.



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा

ओम बिरला ने विपक्ष को दिया था आश्वासन

**राहुल का पीएम को नीट पर पत्र लिख चर्चा का अनुरोध**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितता के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराई जाए. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पर चर्चा कराने के विपक्ष के अनुरोध को गत 28 जून और बीते सोमवार को ठुकरा दिया गया था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह सरकार के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे.

### 10 लाख के 2 इनामी नक्सलियों का समर्पण

**रायपुर, 2 जुलाई.** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली जब 10 लाख के दो इनामी नक्सलियों ने समर्पण किया. सुकमा जिलें में सक्रिय पांच-पांच लाख रुपये के इनामी महिला माओवादी सहित दो हाडकोर नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया. आत्मसमर्पित महिला माओवादी लगभग 22-23 वर्ष एवं पुरूष माओवादी लगभग 14-15 वर्षों तक माओवादी संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी माओवादी घटनाओं को अंजाम दिया था.

## तुष्टिकरण नहीं संतुष्टिकरण में विश्वास

- प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर जोरदार हमला
- जनता ने भाजपा को तीसरी बार चुनकर लगा दी मुहर

**नई दिल्ली, 2 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि वे राष्ट्रपति के भाषण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सदन में उपस्थित हुए हैं.**

हम तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं. पीएम मोदी ने कहा इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी. जब हम संतुष्टिकरण की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचे. जब हम सैचुरेशन के सिद्धांत की बात करते हैं तो ये सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय होता है. इस पर देश की जनता ने हमें तीसरी बार चुनकर मुहर लगा दी है.



**आतंकियों को घर में घुसकर मारता है भारत**

मोदी ने कहा 2014 से पहले एक समय था जब बड़े बैंकों पर ताले लगाए जा रहे थे. 2014 के बाद नीतियों में परिवर्तन हुए, निर्णयों में गति देखने को मिली. दुनिया के अच्छे बैंकों में आज भारत के बैंकों का स्थान बन गया. 2014 से पहले एक वक्त था, जब आतंकी देश पर हमला करते थे. आज 2014 के बाद का हिंदुस्तान घर में घुसकर मारता है.

## पूंजीगत खर्च 20% बढ़ेगा

### मार्केट में पैसा जाएगा तो अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 जुलाई. देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियल डॉलर की बनाने के लिए मप्र सरकार अपने पूंजीगत खर्च को बढ़ाने जा रही है. मिले संकेतों के मुताबिक मप्र सरकार पूंजीगत व्यय को 20 फीसदी से अधिक बढ़ा सकती है.**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लिए मप्र के योगदान की झलक दिख सकती है, जिसके लिए वित्त विभाग ने तैयारी की है. पूंजीगत व्यय बढ़ने से सरकार का खर्च बढ़ेगा, ये सरकारी पैसा मार्केट में जाएगा तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेज गति से आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी. इस बार पूंजीगत व्यय के लिए 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि का प्रावधान किया जा सकता है.

उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की दोहरी जिम्मेदारी संभाल रहे जगदीश देवड़ा बुधवार को सबेरे 11.00 बजे वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट विधानसभा में पेश करेंगे, इस बार बजट की राशि में पिछले बजट के मुकाबले कम से कम 15 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है, यदि ऐसा हुआ तो ये बजट पहली बार 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपए के आंकड़ को पार कर जाएगा.

## आश्रम के चार बच्चों की मौत

- बीमारी के चलते अस्पताल में किया था भर्ती
- चाचा नेहरु अस्पताल से एमवाय में किया था शिफ्ट

**इंदौर.** श्री युगपुरुष धाम आश्रम के चार बच्चों की इंफेक्शन की चलते मौत हो गई. मंगलवार को 23 बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था. संवेदनशील मामले में जांच करने पहुंचे हंसी ठिठोली करते नजर आए एसडीएम को भी हटा दिया गया.

पंचकुइया रोड स्थित श्री युगपुरुष धाम आश्रम की प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि आश्रम में 204 बच्चे हैं. इनमें से 4 की मौत हुई है. जबकि 23 का इलाज जारी है, जिन 4 बच्चों की मौत हुई, उनमें से 2 तो मिर्गी की बीमारी से ग्रस्त थे. अन्य दो की मौत के पीछे ब्लड इन्फेक्शन और फूड पायजनिंग की शिकायत थी. मृत बच्चों के नाम शुभम उर्फ करण, आकाश, शुभ और छोटा गोविंद है, सभी की उम्र 5 से 15 साल के बीच थी. सोमवार को श्री युगपुरुष आश्रम के 23 बच्चों में की तबीयत खराब होने पर उन्हें चाचा नेहरु बाल चिकित्सालय में भर्ती कराया था.



**एसडीएम को किया अटैच**

कलेक्टर आशीष सिंह ने मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता दिखाते हुए एसडीएम को तत्काल हटाने की कार्रवाई की है. दअसल जांच करने पहुंचे एसडीएम आश्रम की प्राचार्य के साथ हंसी ठिठोली कर रहे थे. उन्होंने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है और मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारियों की जानकारी भी तलब की है.

## रोजगार पर बात होना चाहिए

### हिंदुओं के खिलाफ राहुल की टिप्पणी अशोभनीय

**हरिचरण सोनी**

**राघौगढ़. राजनीति में बे-वाक बयानों में हमेशा चर्चित रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदू हिंसक की गई टिप्पणी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हिंदुओं पर की गई टिप्पणी अशोभनीय है.**

सांप्रदायिक बात देश को तोड़ती है। सदन या सदन के बहार देश के विकास, रोजगार पर बात होना चाहिए। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि जब भाजपा सांप्रदायिक बात करती थी तो हम उनका विरोध करते थे और कहते थे कि सांप्रदायिकता बात देश को तोडती है। हम अगर कोई सांप्रदायिक बात करेंगे तो फिर हम जो कहते थे उसका विरोधाभास हम खुद कर रहे हैं। लक्ष्मण सिंह ने यहां तक कह दिया कि मैं राहुल भक्त नहीं हूं मैं भगवान राघौ जी का भक्त हूं। मैं सांप्रदायिक बातों का विरोधी हूं। यह देश के लिए अच्छी बात नहीं है। मंगलवार को विपक्षी नेता राहुल गांधी लोकसभा सत्र में हिंदुओं को हिंसक बताने को लेकर पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने ट्विट करते हुए बताया कि सांप्रदायिक मुद्दा और बात देश को तोड़ती है।



**विस का दूसरा दिन** | विधानसभा के इतिहास में पहली बार लगभग चार घंटे चली ध्यानाकर्षण पर चर्चा, तीन विधेयक हुए पारित

# विपक्ष सारंग के इस्तीफे पर अड़ा, सदन में नारेबाजी, वाकआउट

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 2 जून. प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के लगातार दूसरे दिन भी सदन में नर्सिंग घोटाले का मामला छाया रहा. विधानसभा के इतिहास में पहली बार किसी ध्यानाकर्षण पर लगभग 4 घंटे चर्चा चली, जिसमें 20 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया.**

लंबी चर्चा के बाद तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री और मौजूदा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने एक-एक कर आरोपों का जवाब दिया, बाद में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी सारंग को क्लीनचिट दे दिया, इस पर विपक्षी सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई. विश्वास सारंग का इस्तीफा मांगते हुए नारेबाजी करने लगे, वे सारंग के इस्तीफे की मांग पर अड़ गए, इससे सदन में शोरगुल की स्थिति बन गई. भारी शोर-शराबे के बीच ही तीन विधेयक पेश भी किए गए और फिर उसे पारित भी किया गया. इस बीच जब तीसरे विधेयक को पारित कराने की प्रक्रिया पूरी की जा रही थी, विपक्षी सदस्यों ने वाकआउट कर दिया.

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले में सारंग के तत्काल इस्तीफे के साथ ही मामले की जांच के लिए विधानसभा की कमेटी की गठित करने की मांग की. चर्चा के दौरान सदन में कई बार पक्ष और विपक्ष के बीच नोंक-झोंक की स्थिति बनी, वहीं कई बार पाइंट ऑफ आर्डर का मामला भी उठाया गया. कांग्रेस सदस्य हेमन्त सत्यदेव कटारे, जयवर्धन सिंह और लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से मप्र नर्सिंग काउंसिल द्वारा नर्सिंग कॉलेजों को नियम विरुद्ध मान्यता दिए जाने से उत्पन्न स्थिति का मामला उठाया था.



**आरोप गलत तो इस्तीफा दे दूंगा : सिंघार**

चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले में सरकार को कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. उन्होंने कहा कि 388 से बढ़कर कॉलेजों की संख्या 670 हो गया, नियमों में हेरफेर कर कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई. नर्सिंग काउंसिल का गठन तो किया गया, लेकिन बाहर के चार अधिकारी चला रहे थे. काउंसिल का कंट्रोल अवैध तरीके से लिया गया .मान्यता देने के नियमों को बदला गया. नर्सिंग स्कूलों को कॉलेज में बदल दिया गया, उन्होंने कहा कि 20-25 वर्ष से काउंसिल में ट्रेजरर की नियुक्ति नहीं हुई .ये प्रदेश का बड़ा घोटाला है, जिसके तार मंत्रालय से लेकर मंत्री तक जुड़े हुए है.